आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 17.10.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- आठवें राष्ट्रीय पोषण अभियान का आज देहरादून में समापन होगा।
- उत्तरकाशी जिले के धराली में आपदा से हुए नुकसान व पुनर्निर्माण को लेकर गठित तीन सदस्यीय समिति ने शासन को रिपोर्ट सौंपी।
- राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
- देहरादून जिला प्रशासन ने अब तक तीन हजार छह सौ सत्तरह राशन कार्ड और दस हजार फर्जी आयुष्मान कार्ड निरस्त किए हैं।

राष्ट्रीय पोषण माह समापन

आठवें राष्ट्रीय पोषण अभियान का समापन आज उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक भव्य कार्यक्रम के साथ किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

कल देहरादून पहुंचने पर आकाशवाणी समाचार से बातचीत में केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान 'सुपोषित भारत–स्वस्थ भारत' के संकल्प को और सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हुआ है। वर्ष 2018 में शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक 140 करोड़ से अधिक गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें केवल इस वर्ष के पोषण माह में ही 20 करोड़ से अधिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

राज्यमंत्री ने बताया कि इस बार के अभियान में "मोटापा नियंत्रण", "पोषण भी, पढ़ाई भी", "शिशु और बाल आहार की सही प्रथाएं", "पुरुषों की भागीदारी", "वोकल फॉर लोकल" और "डिजिटल तकनीक से समन्वय" जैसे विषयों को विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई।

उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शिक्षा और आयुष मंत्रालयों के समन्वय से अभियान को नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अभियान जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण बना है, और मोटापे के प्रति जनजागरूकता एक नई जनक्रांति के रूप में उभरी है।

आपदा

उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान व पुनर्निर्माण को लेकर गठित तीन सदस्यीय समिति ने शासन को रिपोर्ट सौंप दी है। इस संबंध में मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में वचुर्अल बैठक आयोजित की गई। समिति ने प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, आजीविका को सुदृढ करने को लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत की।

रिपोर्ट में धराली–हर्षिल आपदा में मृतक, लापता व घायलों के विवरण के साथ ही राहत वितरण, क्षतिग्रस्त संपत्तियों, पशुधन क्षति, कृषि भूमि को हुए नुकसान, आजीविका सहायता उपलब्ध कराने, दीर्घकालिक पुनर्वास योजना और पुनर्निर्माण ढांचा से संबंधित योजनाओं को शामिल किया गया है।

मुख्य सचिव ने उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य से समिति की प्रस्तुत रिपोर्ट के संबंध में बिंदुवार चर्चा की और पुनर्स्थापना और आजीविका संवर्द्धन के लिए अन्य उपयोगी सुझाव भी मांगे हैं।

यूजेवीएनएल

उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) निदेशक मंडल की 130 वीं बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में उत्तरकाशी जिले में स्थित धरासू विद्युत गृह की 76 मेगावाट क्षमता की टरबाइन के लिए उपकरण खरीद, अन्य परियोजनाओं व प्रस्तावों के साथ ही वित्तीय वर्ष 2024 के वार्षिक लेखा को भी मंजूरी दी गई।

सीमांत जनपद चमोली के तपोवन क्षेत्र में भू–तापीय क्षमता की संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में 72 मेगावाट क्षमता की त्यूणी–प्लासू जल विद्युत परियोजना के विभिन्न सिविल, हाइड्रो–मैकेनिकल व इलेक्ट्रो–मैकेनिकल कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव को भी अनुमोदित किया गया।

मुख्य सचिव व उत्तराखंड जल विद्युत निगम के अध्यक्ष आनंद वर्धन ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए राज्य सरकार की अंश पूंजी पर 11.04 करोड़ का लाभांश प्रदान करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त निगम कर्मियों को वित्तीय वर्ष 2023–24 व 2024–25 के लिए कार्य निष्पादन आधारित प्रोत्साहन राशि दिए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति कर दिया गया है।

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस

आगामी 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके लिए प्रदेशभर में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सात नवंबर को हल्द्वानी में 'उत्तराखंड की शान– वीर जवान, समृद्ध नारी, सशक्त किसान' थीम पर आधारित राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री जोशी ने अधिकारियों को सभी विभागीय तैयारियां समय परे पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्षगांठ प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। यह आयोजन राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा को प्रदर्शित करेगा, विशेष रूप से कृषि, ग्राम्य विकास और सैनिक कल्याण के क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों को व्यापक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

निरस्तीकरण

देहरादून जिला प्रशासन ने अब तक तीन हजार छह सौ सत्तरह राशन कार्ड और दस हजार फर्जी आयुष्मान कार्ड निरस्त किए हैं। जिलाधिारी सविन बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राशन और आयुष्मान कार्ड को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि अपात्र लाभार्थियों

को हटा कर पात्र लाभार्थियों को जल्द से जल्द राशन व आयुष्मान कार्ड जारी किए जाएंगे। उन्होंने जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी को सत्यापन कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 अक्टूबर तक 60 प्रतिशत से अधिक राशन कार्डो का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया जाएगा। सत्यापन में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने देहरादून के पूर्ति निरीक्षक, एआरओ और सहायक विकास अधिकारी पंचायत के वेतन पर भी रोक लगाई है।

मास्टर प्लान

हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण ने महायोजना 2041 (मास्टर प्लान) पर जनता से प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई और निराकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हरिद्वार स्थित भल्ला इंटर कॉलेज में 100 से अधिक जन समस्याओं की सुनवाई की गई। इस अवसर पर प्राधिकरण की नवनियुक्त उपाध्यक्ष सोनिका ने बताया कि कार्यक्रम में आवासीय, व्यवसायिक, रोड साइड और सड़कों की चौड़ाई से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा कर उनका निस्तारण किया गया। कॉरिडोर से संबंधित एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी स्टेकहोल्डर्स से बात करने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पारदर्शी तरीके से सभी आपत्तियों का निराकरण कर महायोजना को अंतिम रूप देना एचआरडीए का लक्ष्य है।

पर्यटन

पर्यटन व संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कल नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के पर्यटन विकास पर उप राष्ट्रपति के साथ चर्चा की और उत्तराखंड भ्रमण का न्योता दिया। पर्यटन मंत्री ने उप राष्ट्रपति को उत्तराखंड के कार्तिकेय स्वामी मंदिर के साथ ही अल्मोड़ा स्थित प्रागैतिहासिक लखुड़ियार गुफा के शैल चित्रों की जानकारी भी दी।

उत्सव

कुमांऊ मंडल के छीनीगोठ क्षेत्र में 'मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव' का आयोजन किया गया। इस उत्सव में पारंपरिक संस्कृति, आत्मनिर्भरता और महिला उद्यमशीलता का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में शामिल होकर नारी शक्ति के उत्साह, हुनर और आत्मविश्वास की सराहना की। इस दौरान स्थानीय कलाकारो ंने मुख्यमंत्री का लोक संगीत की धुन और छोलिया नृत्य के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के विकास का सपना तभी पूरा होगा, जब राज्य की बहनें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त बनेंगी। उन्होंने जोर दिया कि सरकार महिलाओं को केवल सहयोग नहीं दे रही, बल्कि उन्हें स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और महिलाओं द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की। उन्होंने महिला उद्यमियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों में स्वयं भाग भी लिया।

खाद्य सुरक्षा

पौड़ी जिले में त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग का छापेमारी अभियान जारी है। अब तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान के दौरान सोलह खाद्य पदार्थो के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त पीसी जोशी ने बताया कि कोटद्वार के निम्बूचौड़, दुर्गापुरी, किशनपुरी, पदमपुर मोटाडाक में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया और इस दौरान अनियमिताएं पाए जाने पर कई व्यापारियों को नोटिस दिए गए हैं। अभियान के साथ ही व्यापारियों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।